अमर उजाला 06/02/2025

डॉ. रोहित दत्त को मिला शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार

पुरस्कार ग्रहण करते जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त को ओस्का की ओर से शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान ओस्का के संस्थापक डॉ. धर्मपाल और डॉ. चंद्रपाल पूनिया और डॉ. राकेश राष्ट्रीय शिक्षा समन्वयक की ओर से प्रदान किया।

डॉ. धर्मपाल वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के करनाल क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। सम्मान समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि जीएमएन कॉलेज अपने छात्रों के समग्र विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है। हमने कॉलेज में कई रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, जिससे कि छात्र कौशल-आधारित ज्ञान प्राप्त कर सकें और उन्हें रोजगार के अवसर आसानी से मिल सकें।